हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 26 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 वंदना पोपली ने दिखाई संगठन की ताकत, सभी वर्गों को 'मान' दे गई अर्चना गुप्ता

12 निर्जला एकादशी शहर में दर्जनों जगह लगी छबील, मंदिरों में दिन भर चलते रहे धार्मिक कार्यक्रम





## खबर संक्षेप

### हादसों के आरोपी चार चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए चार आरोपियों गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 22 जून को हादसे के बाद दर्ज मामले में यूपी के सुरेबाबा निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। 17 जून को दर्ज मामले में पुलिस ने खिजूरी निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना पुलिस ने 20 जून को दर्ज मामले में झज्जर के साल्हावास निवासी राजेंद्र को गिरफ्तार किया है। वहीं मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 24 जून को दर्ज मामले में झज्जर के कोका निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है।

### दहेज उत्पीड़न में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने 24 जून को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में गुर्जर माजरी निवासी सुरेश को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसी दिन दर्ज एक अन्य मामले में सरस्वती विहार निवासी उमेश को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी काबू

**जाटूसाना।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल मेंउपचाराधीन घायल के बयान पर आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने गुरुग्राम जिले के गांव मौजाबाद निवासी सुंदर को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित ने उसके साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। आरोपी को मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सुसाइड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुसाइड प्रकरण में पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने गत 6 मई को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने हंस नगर निवासी जयपाल और न्यू आदर्श नगर निवासी रिपुदमन को गिरफ्तार कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### छोटा तालाब में आज चलेगा पौधरोपण अभियान

**रेवाड़ी।** पर्यावरण संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन के उद्देश्य से एएम टीम फाउंडेशन और एसएसपी ग्लोबल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 26 जून को प्रातः 6:30 बजे गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के सामने स्थित छोटा तालाब में विशेष स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत तालाब परिसर की सफाई, प्लास्टिक एवं अन्य कचरे का संग्रहण तथा क्षेत्र को हरित बनाने के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संस्थाओं के सदस्यों ने शहरवासियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं पर्यावरण प्रेमियों से इस जनहित अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। सामूहिक प्रयासों से ही जलाशयों का संरक्षण और स्वच्छ एवं हरित वातावरण का निर्माण संभव है।

### एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 जून, अब 10 जुलाई को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

# विद्यार्थियों को रोजगारपरक कोर्सों में ज्यादा रुझान, तीसरी बार डेट बढ़ने पर भी आवेदन कम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

मिशन एडमिशन

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से सरकारी, एडेड तथा सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में यूजी कोर्स में एडमिशन के लिए अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून किए जाने पर विद्यार्थियों का रुझान कम है। कॉलेजों में अभी तक 60 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन भी नहीं हो पाए है, जबकि हायर एजूकेशन डिपार्टमेंट की ओर से दाखिले के लिए तीन पर शेड्यूल बदलकर तारीख बढ़ाई जा चुकी है। पहले दाखिले की तारीख 30 मई, फिर 15 जून थी और 30 जून तक बढ़ा दी गई है।

इस बार जिले के 11 सरकारी कॉलेजों में बीए, बीकॉम और बीएससी में छात्र कम रुचि दिखा रहे हैं, वहीं प्रोफेशनल कोर्स यानी बीसीए में सीटों के मुकाबले अधिक आवेदन आए हैं। इस बार विद्यार्थियों का रोजगारपरक कोर्सो की ओर ज्यादा रुझान है। सरकारी कॉलेजों की स्नातक स्तर की 5380 सीटों के मुकाबले अभी तक 60 प्रतिशत आवेदन भी नहीं पहुंच पाए हैं। कॉलेजों में 30 जून तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी। एक जुलाई को विद्यार्थी विद्यार्थी आवेदनों में त्रुटि का सुधार कर सकेंगे। कॉलेजों में प्रथम प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 9 जुलाई और पहली फाइनल मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को जारी होगी। 11 से 15 जुलाई तक पहली मरिट लिस्ट में नाम आने वाले विद्यार्थी फीस भर सकेंगे। दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 16 जुलाई और फाइनल लिस्ट 17 जुलाई को जारी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट में नाम आने पर विद्यार्थी 18 से 22 जुलाई तक फीस जमा करा सकेंगे। इसके बाद 23 जुलाई को बची हुई सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग होगी। 24 जुलाई को आवेदन से वंचित विद्यार्थियों के लिए फिर से पोर्टल ओपन होगा। 25 से 31 जुलाई तक लेट फीस के साथ फिजिकल काउंसलिंग होगी, जिसमें 100 रुपये विलंब शुल्क से दाखिला होगा। इसके बाद विद्यार्थी एक से 7 अगस्त तक 100 रुपये प्रतिदिन विलंब शुल्क के साथ दाखिला ले सकेंगे।



रेवाड़ी। सेक्टर–18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

#### बीसीए में कुल सीटों से दोगुने आवेदन

युवाओं का रुझान रोजगारपरक कोर्सेज की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। जिले के दो कॉलेजों सेक्टर-18 गर्ल्स कॉलेज व कंवाली कॉलेज में बीसीए की कुल 120 सीटों पर दोगुने आवेदन आ चुके हैं। बीए प्रथम वर्ष की 3360 सीटों के लिए 58 प्रतिशत आवेदन, बीएससी फिजिकल साइंस की 940 सीटों के लिए 59 प्रतिशत तथा बीकॉम प्रथम वर्ष की 1080 सीटों के लिए अभी आधे ही आवेदन आए है।

#### री-अपीयर विद्यार्थी भी कर सकते आवेदन

आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज के प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव ने बताया कि एनईपी के अनुरूप बारहवीं कक्षा के री-अपीयर विद्यार्थी भी स्नातक प्रथम वर्ष के संकायों में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते है। इन विद्यार्थियों को प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होने से पहले 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की मार्कशीट जमा करानी होगी। इससे पहले दाखिला कमेटी को मार्कशीट समय पर जमा कराने का लिखित पत्र देना होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो दाखिल रद्द कर दिया जाएगा।

# डिवाइडर कूदकर ट्राले से टकराई बोलेरो गाड़ी

### खाटूश्याम से आ रहे 6 श्रद्धालु घायल



रेवाड़ी। दुर्घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त बोलेरो व जमा लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

वीरवार सुबह राजस्थान के खाटूश्याम धाम में दर्शन के बाद घर लौट रहे दिल्ली के एक ही परिवार के 6 सदस्य सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब श्रद्धालुओं की बोलेरो गाड़ी नेशनल हाइवे पर निखरी के पास डिवाडर कूदने के बाद विपरीत दिशा में जाकर एक ट्राले से टकरा गई। घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हादसे के बाद हाइवे पर काफी देर तक जाम लगा रहा।

बोलेरो गाड़ी में दिल्ली के एक परिवार के सदस्य खाटूश्याम धाम दर्शन करने के बाद वापस घर जा रहे थे। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर जब उनकी गाड़ी निखरी फ्लाईओवर के पास पहुंची तो अचानक गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। गाड़ी डिवाइडर कूदकर सड़क के दूसरे हिस्से पर चली रही। उसी दौरान गाड़ी एक ट्रॉले से टकराने के बाद पलट गई। बोलेरो में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग वहां पहुंच गए। पुलिस को सूचना देकर लोगों ने गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला। उन्हें एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

#### काफी देर तक लगा रहा जाम

हाइवे पर ट्रॉला और बोलेरो गाड़ी दोनों खड़े हो गए, जिससे दिल्ली से जयपुर की ओर जाने वाले सड़क का हिस्सा बाधित हो गया। नेशनल हाइवे पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया। इसके बाद ही यातायात सुचारू हो सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद हादसे की जांच शुरू कर दी।

### ब्राह्मण सभा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का किया अभिनंदन



रेवाड़ी। डा. अर्चना गुप्ता को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। ब्राह्मण सभा की ओर से ब्रह्मगढ़ परिसर में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व कोसली विधायक अनिल यादव सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित थे। इस मौके पर डा. गुप्ता ने भगवान परशुराम मंदिर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा की तथा शहीद डा. सत्यनारायण वशिष्ठ को श्रृंद्धाजलि अर्पित की। सभा प्रधान चंद्रशेखर गौतम ने पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्षा का स्वागत किया। इस मौके पीपीपी कॉर्डिनेटर सतीश खोला, पारीसा शर्मा, भाजपा नेता अमित यादव, सभा के महासचिव जयकुमार कौशिक, कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, सुरेन्द्र शर्मा, प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ, सुभाष शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रकाशचंद्र भारद्वाज, मैनेजर हेमंत भारद्वाज, शिवकुमार शर्मा, दलीप शास्त्री व महेश वशिष्ठ सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम 30 को बेरली कलां में

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 30 जून को गांव बेरली कलां में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। सीटीएम ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान परिवार पहचान पत्र व राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी। इसके अलावा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 1.35 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

*साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

गत वर्ष सितंबर माह में वर्क फ्रॉम होम के नाम पर महिला को 1.35 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाने के मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। शक्ति नगर में किराए के मकान में रह रही मूल रूप से राजस्थान के सरदार शहर निवासी पूनम स्वामी ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसने 28 सितंबर 2025 को इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम के लिए दिए गए लिंक पर एप्लाई किया था। इसके बाद वह टेलीग्राम से एक चेन सिस्टम से जुड़ गई। इसके बाद उसके पास गूगल रिव्यू के लिए टास्क भेजे गए। उसे पहले 800 रुपये के बदले 1040 और उसके बाद 3 हजार रुपये के बदले 3900 रुपये मिले। अगले टास्क के लिए उसने एक खाते में 15 हजार और दूसरे में 60 हजार रुपये ट्रांसफर किए थे। जब उसने चैटिंग के जरिए प्रोफिट की मांग की तो उसे बताया कि उसका खाता फ्रीज हो गया। उसे अनफ्रीज कराने के लिए 60 हजार रुपये और ट्रांसफर करने होंगे। उसने यह राशि भी दो ट्रांजेक्शन के जरिए ट्रांसफर कर दी। इसके बाद उससे 1 लाख रुपये और ट्रांसफर करने को कहा, तो उसे ठगी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने गुजरात के जिला बावथराड़ के गांव वामी निवासी नरपत भाई को गिरफ्तार कर लिया। ठगी की रकम में से 60 हजार रुपये उसके भाई के खाते में ट्रांसफर हुए थे। नरपत ने यह खाता साइबर ठगों को मुहैया कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।



### सुरक्षा व्यवस्था के लिए ग्रामीणों के साथ की बैठक

**डहीना।** डहीना चौकी इंचार्ज एसआई विक्रम सिंह व कुंड चौकी इंचार्ज पीएसआई सुमित ने वीरवार को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए इलाके के मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक की। उन्होंने ग्रामीणों को अपराधों की जानकारी, उनसे बचाव सहित नशे के दुष्प्रभावों बारे जानकारी दी। इसके अलावा चोरी की वारदातों को रोकने के लिए गांवों में ठीकरी पहरा व उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से गांवों में शरारती तत्वों, नशाखोरी करने व संदिग्धों व्यक्तियों पर नजर रखने की भी अपील की तथा पुलिस को डायल-112 पर सूचना देने का आह्वान किया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत



**धारूहेड़ा।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे के सर्विस रोड पर सूरज गार्डन के पास किसी वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। यूपी के जेठवाड़ा निवासी 25 वर्षीय गुड्डू मौर्य धारूहेड़ा की एक कंपनी में कार्यरत था। उसने नीलगिरी कॉलोनी में कमरा किराए पर ले रखा था। 23 जून की रात वह कंपनी में ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक से अपने कमरे पर जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीरावस्था में रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बिजली कर्मचारियों का मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की ओर से वीरवार को झज्जर रोड स्थित शक्ति भवन परिसर में कर्मचारियों की मांगों को लेकर सुबह 10 से 2 बजे तक चार घंटे गेट मीटिंग करके धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सोमदत्त ने की तथा मंच संचालन नरेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर सोमदत्त ने बताया कि एचएसईबी वर्कर्स यूनियन मुख्यालय भिवानी की बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी निर्णय के तहत प्रथम चरण में 25 व 26 जून को यूनिट स्तर पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। दूसरे चरण में 30 जून को सर्कल स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। तीसरे चरण में 2 जुलाई को बिजली मंत्री अनिल विज के आवास अंबाला का घेराव किया जाएगा। चौथे चरण में 29 जुलाई को कुरुक्षेत्र में जेल भरो आंदोलन की शुरूआत की जाएगी।



रेवाड़ी। शक्ति भवन में धरना–प्रदर्शन करते यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### धरना-प्रदर्शन में ये मौजूद रहे

धरना-प्रदर्शन में प्रांतीय ऑडिटर मनोज सैनी, शमशेर सिंह उपप्रधान, मंजीत यादव उपप्रधान, अमित चौहान, मनोज कुमार, राजेन्द्र सैनी, अवधेश शर्मा, विक्रम यादव सर्किल सचिव, योगेश नागर व अजीत शर्मा सहित अनेक कर्मचारी एवं यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ कब्जा न हटाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

# बस स्टैंड धारूहेड़ा की भूमि से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश, एक सप्ताह का अल्टीमेटम

- कब्जा न हटाने की सूरत में कार्रवाई के दौरान आई लागत का समस्त खर्चा भी कब्जा करने वाले लोगों से वसूला जाएग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

धारूहेड़ा बस स्टैंड की भूमि पर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ कब्जा न हटाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। रोडवेज विभाग की ओर से कब्जा करने वालों को 7 दिनों में अवैध रूप से किए गए कब्जे हटाने का समय दिया गया है। इसके बाद नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक निरंजन शर्मा ने बताया कि धारूहेड़ा बस स्टैंड की भूमि पर लोगों ने अवैध रूप से मकान बनाकर कब्जे किए हुए है। इन कब्जाधारियों को 7 दिनों में स्वंत कब्जा हटवाने का समय दिया गया है। इसके बाद विभाग की ओर से कार्रवाई करते हुए कब्जा कार्रवाई की जाएगी। कब्जा न हटाने की सूरत में कार्रवाई के दौरान आई लागत का समस्त खर्चा भी कब्जा करने वाले लोगों से वसूला जाएगा।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा बस स्टैंउ की भूमि पर किए हुए कब्जे। फोटो : हरिभूमि

# समाधान शिविर में पहुंची दूषित पानी और पंचायती भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतें

- डीसी ने लघु सचिवालय सभागार में पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ आमजन की शिकायतें सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा व अन्य अधिकारियों के साथ आमजन की शिकायतें सुनीं। समाधान शिविर में गांव राजियाका में कृषि भूमि पर अवैध रूप से काटे जा रहे प्लाट, गांव गिंदोखर में दूषित पानी की निकासी कराने, गांव पाडला की गली में दूषित पानी की निकासी कराने, गांव आसियाकी टप्पा में घर पर पेड़ झुके होने, गांव बेरली कलां में अवैध कब्जे, व गांव बगथला में पंचायत भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आमजन की शिकायते सुनते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

## भाजपा की नई प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत समारोह रहा गुटबाजी से दूर

# वंदना पोपली ने दिखाई संगठन की ताकत, सभी वर्गों को 'मान' दे गई अर्चना गुप्ता

■ राव इंद्रजीत समर्थकों से लेकर विरोधियों तक ने दर्ज कराई उपस्थिति

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

बीते बुधवार की शाम जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद डा. अर्चना गुप्ता का जिले में पहली बार आगमन हुआ, तो पार्टी के पदाधिकारियों से लेकर दूसरे नेताओं ने एकजुट होकर उनका जोरदार स्वागत किया। दो खेमों में विभक्त भाजपा के सभी प्रमुख नेता एकमंच पर नजर आए। प्रदेशाध्यक्ष के समक्ष किसी तरह की गुटबाजी का प्रदर्शन नहीं हुआ। भारी भीड़ जुटाकर जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने एक बार फिर कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचय देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने भी स्वागत के लिए तैयार विभिन्न समाज के लोगों को निराश नहीं किया। समय की कमी के बावजूद वह एक के बाद एक कई स्वागत स्थलों पर पहुंची, ताकि किसी वर्ग विशेष को नाराज नहीं होने दिया जाए।

भाजपा के कार्यक्रमों में अक्सर ऐसा होता रहा है कि जब कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के खेमे का होता है, तो उनके विरोधी खेमे के नेताओं को न्योता तक नहीं



रेवाड़ी। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष के साथ वंदना पोपली। फाईल फोटो। *फोटो : हरिभूमि*

दिया जाता है। ठीक इसी तरह विरोधी खेमे की ओर से आयोजित कार्यक्रम से राव समर्थकों की दूरी बनी रहती है। भाजपा कैडर के पुराने नेताओं को आज तक पार्टी में राव की उपस्थिति और मजबूत पकड़ रास नहीं आ रही है, परंतु केंद्रीय मंत्री की ओर से विरोधी नेताओं को नजरअंदाज ही रखा जाता है। राजनीति 'नफा-नुकसान' की परवाह किए बिना राव ने खुद के लोकसभा चुनावों में भी विरोधी खेमे के भाजपा नेताओं को मनाने की दिशा में कोई पहल तक नहीं की। वह अपने समर्थकों के बल पर चुनाव जीतने के प्रति ज्यादा आश्वस्त रहे। पार्टी की यह गुटबाजी पूर्व में खुलकर नजर आती रही है। भाजपा के दूसरे कार्यकाल में जब भूपेंद्र यादव को केंद्र में मंत्री बनाया गया, तो उनके अभिनंदन समारोह में राव विरोधी खेमे ने पूरी ताकत झोंक दी थी। प्रदेशाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के पदभार संभालने के बाद पहले आगमन पर भी हालात ऐसे ही बनते नजर आ रहे थे, लेकिन जिलाध्यक्ष की कार्यकुशलता के चलते ऐसा कुछ नहीं हुआ।

### दोनों खेमों के नेता मंच पर आए नजर

डा. गुप्ता के आगमन पर राव और एंटी राव दोनों गुटों के नेता मंच पर एक साथ नजर आए। सबसे बड़ी बात यह रही कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी अनुशासन का परिचय देते हुए किसी स्थानीय नेता के पक्ष या विरोध में नारेबाजी नहीं की। सबसे बड़ी बात यह रही कि स्वागत समारोह में भारी भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी पूरी तरह संगठन के पदाधिकारियों ने निभाई। इसमें किसी कद्दावर नेता का कोई रोल नजर नहीं आया। 'टीम वंदना' की मुखिया को जिला स्तर पर संगठन की ताकत से रूबरू कराने में पूरी तरह कामयाब रही।

### अर्चना गुप्ता को मिला हर वर्ग से मान

पार्टी संगठन की कुशल रणनीति की बदौलत डा. अर्चना गुप्ता को शहर में हर वर्ग के लोगों ने पूरा सम्मान दिया। ब्राह्मण, बणिया, राजपूत व अन्य समाज से जुड़े प्रबुद्ध लोगों ने उनके सम्मान में अलग-अलग समारोह किए, जिससे हर वर्ग पर भाजपा की मजबूत पकड़ का सीधा संदेश प्रदेशाध्यक्ष को मिल गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन ने जिलाध्यक्ष का कद प्रदेशाध्यक्ष की नजरों में बढ़ा दिया है। जिलाध्यक्ष के बदलाव की कामना कर रहे पार्टी के कुछ नेताओं की नींद में इस सफल आयोजन ने जरूर खलल डाल दिया होगा।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण चौकीदारों की बैठक 29 को

**नारनौल।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार यूनियन की बैठक 29 जून को होगी। बैठक के बाद ग्रामीण चौकीदार उपायुक्त के माध्यम से मांगों व समस्याओं के लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज शोभापुर करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक 29 जून सुबह साढ़े नौ बजे लघु सचिवालय पार्क में होगी।

### जन परिवेदना समिति की बैठक 30 को

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल आगामी 30 जून को शाम पांच बजे लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे, जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान किया जाएगा।

### आशियाने के लिए उपलब्ध कराई सीमेंट

**कनीना।** कनीना में कार्यरत सामाजिक संस्था श्रीश्याम मित्र मंडल ने मानवता व सहयोग की मिसाल पेश की है। अनाज मंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर की सेवादार सीमा देवी के आशियाने के लिए 61 कट्टे सीमेंट प्रदान की है। जिसे लेकर जरूरतमंद परिवार ने राहत महसूस की है। संस्था के प्रधान अनिल गर्ग ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद करना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस सहयोग पर सीमा देवी ने उनका आभार जताया है। इस मौके पर बाबूलाल, रविंद्र बंसल, विनोद मित्तल, सचिन शर्मा, मोहित जेलदार, हेमंत, सोनू मित्तल, मुकेश सिंगला मौजूद थे।

## सीएम फ्लाइंग व सीआईडी टीम ने संयुक्त रूप से किया औचक निरीक्षण

# 14 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लटके मिले ताले, दफ्तर से 4 कर्मी अनुपस्थित

■ अधिकांश केंद्रों पर कागजों में पौष्टिक भोजन बनने और वितरण होने की सूचना पर लिया संज्ञान

■ विभागीय सुपरवाइजरों की लचर कार्यशैली से बढ़ रही अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

*▶▶ नांगल चौधरी ब्लॉक में 213 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है, जिनमें नवजात शिशु व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन तथा विभिन्न चेकअप सुविधा देने का प्रावधान है। किंतु बीते कई महीनों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन वितरण में अनियमिताएं मिलने की शिकायतें सर्तकता विभाग को मिल रही थी।*

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता और सर्तकता विभाग की संयुक्त टीम ने निरीक्षक सत्येंद्र सिंह की अगुवाई में आंगनबाड़ी केंद्रों व कार्यालय पर औचक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान करीब 14 केंद्रों पर ताले लटके मिले। यहीं नहीं, कार्यालय में चार कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित भी मिले हैं। दफ्तर में लगभग तीन घंटे तक रिकार्ड का अवलोकन किया गया। इनमें विभिन्न अनियमिताओं की पुष्टि हुई है। छापेमार टीम ने कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने का निर्णय लिया है।

आपको बता दें कि नांगल चौधरी ब्लॉक में 213 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है, जिनमें नवजात शिशु व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन तथा विभिन्न चेकअप सुविधा देने का प्रावधान है। केंद्रों पर आंगनबाड़ी वर्कर के साथ हेल्पर की नियुक्ति की गई है ताकि पंजीकृत बच्चों व महिलाओं को पौषक आहार नियमित मिलता रहे। किंतु नांगल चौधरी ब्लॉक में बीते कई महीनों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन वितरण में अनियमिताएं मिलने की शिकायतें सर्तकता विभाग को मिल रही थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए बुधवार की शाम औचर छापेमारी की योजना बनाई तथा कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करके पांच टीमों का गठन किया।


नांगल चौधरी। सीडीपीओ कार्यालय में रिकार्ड का अवलोकन करते हुई सीएम फ्लाइंग। फोटो : हरिभूमि

### यूं शुरू किया औचक निरीक्षण, मिले ताले लटके

*टीम ने वीरवार सुबह 9:15 बजे केंद्रों पर छापेमारी शुरू की। सबसे पहले तोताहेड़ी सेंटर पर दबिश दी। यहां ताला लटका मिलने पर टीम ने फोटोग्राफी की तथा कोजिंदा में औचक निरीक्षण किया। एक के बाद एक करके 14 केंद्रों पर दबिश दी, किंतु ताले लटके मिले।*

### सीडीपीओ कार्यालय में जांचे दस्तावेज

इसी कारण टीम करीब 10:30 बजे सीडीपीओ कार्यालय में पहुंची। यहां सबसे पहले उपस्थिति रजिस्ट्र को कब्जे में लिया तथा छानबीन आरंभ की। इस दौरान चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिनकी रिपोर्ट तैयार की गई। इसके बाद कार्यालय अधीक्षक से आंगनबाड़ी केंद्र वाइज स्टॉक रजिस्ट्र मांगा, लेकिन रजिस्ट्र भी अपडेट नहीं मिलने की सूचना है। कार्यालय से भोजन का मीनू चार्ट लेकर पात्र गर्भवती महिलाओं से पूछताछ की गई। जिसमें विभागीय आदेशों की अवहेलना होने की पुष्टि हुई है। एक टीम कार्यालय में जांच पड़ताल में जुटी रही। दूसरी तरफ अन्य चार टीमों ने शहर की आरा मशीनों पर दबिश दी। जिसमें अवैध स्टॉक व हरे पेड़ों की कटाई होने की पुष्टि हुई है। टीम ने मामले की गहनता से छानबीन के लिए विभागीय अधिकारियों को कार्यालय में तलब किया है।

### रिकार्ड व स्टाक की हो रही जांच

छापेमार टीम के इंचार्ज निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि सीएम फ्लाइंग व सर्तकता विभाग की संयुक्त टीम ने 14 आंगनबाड़ी केंद्रों पर औचक छापेमारी की है, सभी तक तला लटका हुआ मिला है। इसके बाद कार्यालय में दाबिश दी गई, यहां भी चार कर्मचारी अनुपस्थित पाए हैं। रिकार्ड व स्टाक की जांच चल रही है, उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।


**नांगल चौधरी।** कार्रवाई के बाद रवाना होती हुई सीएम फ्लाइंग। फोटो : हरिभूमि

### स्टाक की खानापूर्ति के लिए सेंटरों पर लटकाया ताला

सूत्रों की मानें तो सुबह 10 बजे तक आंगनबाड़ी केंद्र वर्करों को छापेमारी की भनक लग चुकी थी। उन्होंने आनन-फानन में स्टाक रजिस्ट्र को कंप्लीट करना आरम्भ कर दिया। अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि कई सेंटरों पर गर्भवती महिला व बच्चों के सैकड़ों पंजीकरण हैं, लेकिन उनके लिए केवल कागजों में ही राशन तैयार होता है। क्योंकि बच्चों व महिलाओं की उपस्थिति लगभग शून्य रहती है। ऐसे में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी में स्टाक व कागजों में फर्जी उपस्थिति का भंडाफोड़ हो सकता था।

### पांच ब्लॉकों का चार्ज होने से बढ़ी अव्यवस्था

सीडीपीओ राधा यादव ने बताया कि मूल रूप से रेवाड़ी पोस्टेड हूं, लेकिन महेंद्रगढ़ जिले में सीडीपीओ की सभी पोस्ट रिक्त हैं। इसलिए पांच ब्लॉकों का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वर्कलोड ज्यादा होने के कारण फील्ड व दफ्तर का काम सुचारू रूप से नहीं देख पाती। दफ्तर व सेंटरों पर सीएम फ्लाइंग के छापेमारी की सूचना मिली है। अवकाश पर होने के कारण कार्यालय नहीं पहुंच पाई। उन्होंने कहा कि लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना अनिवार्य है।


**महेंद्रगढ़।** एसपी का स्वागत करते व्यापार मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# एसपी दीपक ने व्यापार मंडल की ली बैठक

**महेंद्रगढ़।** एसपी दीपक कुमार ने वीरवार को व्यापार मंडल की बैठक ली, जिसमें व्यापार मंडल महेंद्रगढ़ के प्रधान सुरेंद्र बंटी के नेतृत्व में हलवाई यूनियन के प्रधान लक्ष्मी नारायण सैनी, स्वर्णकार संघ प्रधान लखीराम सोनी, किरयाना एसोसिएशन प्रधान कन्हैया लाल पंसारी, टेलर संघ प्रधान बृजलाल रोहिल्ला, ब्राह्मण सभा प्रधान, दवाई विक्रेता दिनेश वैध, पंजाबी सभा प्रधान, कपड़ा विक्रेता गोपी अरोड़ा, बार यूनियन प्रधान महावीर सैन, फर्नीचर विक्रेता संघ प्रधान राजेश गोयल, अनिल तिवाड़ी, विनोद गोयल पेट्रोल पंप, सुरेश राजस्थानी, राजकुमार जिंदल, मनोज जेरपुरिया, सतबीर यादव भगत, दीपक महाशय, नवीन शर्मा, नरेश जोशी, हंसराज सोनी, रतनपाल, राजेंद्र भारद्वाज, योगेश हलवाई, ललित यादव, मोई गुज्जर, चिमन सैनी, अश्वनी पार्षद, देवेंद्र सोनू सैनी पार्षद, सरपंच सहित अनेक व्यापारी मौजूद थे। पुलिस की तरफ से एएसपी फैजल खान, थाना प्रबंधक शहर पंकज सिंह, थाना सदर महेंद्रगढ़ रमेश कुमार, समस्त जांच अधिकारी सहित पूरा पुलिस स्टाफ मौजूद था।

# किसान गोरक्षक सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष बने अरूण कौशिक



**नारनौल।** किसान गोरक्षक सेवा दल परिवार का प्रदेश अध्यक्ष अरुण कौशिक को दायित्व सौंपा गया है। वे पूर्व उपखंड अधिकारी रह चुके हैं तथा जीव-जंतु कल्याण बोर्ड, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार के सम्मानित सदस्य भी रहे हैं। इसके साथ ही वे वर्तमान में हरियाणा में 10 गोशालाओं का सफल संचालन एवं संरक्षण कर रहे हैं तथा गोसेवा, पशु कल्याण और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उनके प्रशासनिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता, गोभक्ति एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए किसान गोरक्षक सेवा दल द्वारा उन्हें हरियाणा प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में नवनियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष अरूण कौशिक ने बताया कि प्रदेश में गो संरक्षण, गोसंवर्धन, किसान हित एवं पशु कल्याण के कार्यों को नई गति देने और संगठन जन-जन तक अपनी सेवाओं का विस्तार करने का पूरा प्रयास करेंगे।

# वीएलडीए के साथ मारपीट मामले में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले वीएलडीए (वेटरनरी लाइवस्टॉक डेवलपमेंट असिस्टेंट) की एक आकस्मिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान विक्रम सिंह ने की। बैठक के उपरांत उप निदेशक पशुपालन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि करनाल जिले में वैक्सीनेशन के दौरान एक बछड़े की मृत्यु होने के बाद वीएलडीए सुरेंद्र सिंह पर पशु मालिक की ओर से जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में सुरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा।

आरोप है कि हमलावरों ने उनके दोनों हाथ तोड़ दिए, पसलियों में गंभीर चोटें पहुंचाईं तथा सिर पर हथियारों से हमला किया। वीएलडीए वर्ग ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सिरसा जिले में वैक्सीनेशन कार्य के दौरान कथित मानसिक दबाव के कारण जान गंवाने वाले वीएलडीए अशोक कुमार मामले में भी जिम्मेदार उच्च अधिकारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि वीएलडीए वर्ग अपनी क्षमता से अधिक कार्य कर रहा है। इसके बावजूद विभाग की ओर से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।


**नारनौल।** ज्ञापन सौंपते वीएलडीए। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों की ओर से बनाया जा रहा है दबाव

वीएलडीए प्रतिनिधियों ने बताया कि मुंहखुर और गलघोंटू रोगों के टीकाकरण अभियान शुरू होने से पहले भी विभिन्न कमियों को लेकर चार दिनों तक अभियान स्थगित रखा गया था। उनका कहना है कि सरकार की ओर से लिखित निर्देश जारी किए जाने के बावजूद उच्च अधिकारियों द्वारा अनावश्यक और गैरजरूरी दबाव बनाया जा रहा है। इन मांगों को लेकर जिले के सभी वीएलडीए ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर वेटरनरी सर्विसेज एसोसिएशन जिला महेंद्रगढ़ के सदस्य सुशील कुमारए यशपाल सिंहए केंद्रीय समिति सदस्य संजीव नाहरियाए पूर्व जिला प्रधान नरेश यादवए जसवंत सिंहए विरेंद्र सिंहए सत्यनारायणए कुलदीप सिंह सहित जिले के अनेक वीएलडीए उपस्थित रहे।

# कमल रोहिल्ला पुनः बने एबीवीपी जिला संयोजक



**सतनाली मंडी।** ग्राम श्यामपुरा निवासी कमल रोहिल्ला को पुनः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषदका जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। कमल रोहिल्ला ने बताया कि उन्हें यह दायित्व आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ में बुधवार को सम्पन्न अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के चार दिवसीय प्रांत अभ्यास वर्ग में एबीवीपी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील मेहता ने नवीन संगठनात्मक घोषणाएं करते हुए सौंपा। जिले में डॉ. अविनाश यादव को जिला प्रमुख व कमल रोहिल्ला को पुनः जिला संयोजक का दायित्व सौंपा। कमल रोहिल्ला इससे पूर्व राजकीय महाविद्यालय सतनाली इकाई अध्यक्ष एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संगठन की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। दायित्व ग्रहण करने के उपरांत कमल रोहिल्ला ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन वे पूर्ण ईमानदारी, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ करेंगे।

# महेंद्रगढ़ किले के जीर्णोद्धार पर खर्च होंगे 8.5 करोड़, 18 माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के ऐतिहासिक धरोहर और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाले महेंद्रगढ़ किला के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो गया हैं। राज्य सरकार ने किले के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए 8.5 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत किले की मूल ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए उसका पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार पूरे प्रोजेक्ट को 18 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना के पहले चरण में किले के मुख्य द्वार, चारदीवारी तथा बाहरी संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बता दें कि लंबे समय से उपेक्षा और प्राकृतिक क्षरण के कारण किले की कई दीवारों में दरारें आ गई हैं, जबकि मुख्य प्रवेश द्वार के कुछ हिस्से भी कमजोर हो चुके हैं। ऐसे में सबसे पहले इन हिस्सों को मजबूत बनाकर संरक्षित किया जाएगा, ताकि किले की मूल वास्तुकला को नुकसान न पहुंचे। एचएसआरडीसी और निर्माण विशेषज्ञों की देखरेख में होने वाले इस कार्य में पारंपरिक निर्माण तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि किले की दीवारों पर प्लास्टर के लिए आधुनिक सीमेंट की जगह चूने का प्रयोग किया जाएगा। चूने का प्लास्टर ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण में अधिक उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि इससे संरचना की मूल बनावट और स्वरूप बरकरार रहता है।


**महेंद्रगढ़।** अधिकारियों से किले के बारे में जानकारी लेती डीसी अनुपमा अंजली।

## रिपोर्ट नहीं भेजने पर माना जाएगा 'शून्य', नोडल अधिकारी या विभाग के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से होंगे उत्तरदायी

# प्रदेश के स्कूलों में खुलेंगी 500 नई योगशालाएं

**»** *एससीईआरटी ने शिक्षा निदेशालय को सौंपी रिपोर्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में योग और खेल को बढ़ावा देने के लिए बड़ी योजना पर सरकार काम कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई मांगों के तहत प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के स्कूलों में 500 नई योगशालाएं स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा ने सक्रियता दिखाई है। एससीईआरटी के अतिरिक्त निदेशक की ओर से 19 जून को विद्यालय शिक्षा निदेशालय को एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्कूलों के भीतर किसी भी प्रकार की योगशाला या संस्था स्थापित करने का अंतिम अधिकार स्कूल शिक्षा निदेशालय हरियाणा के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसलिए एससीईआरटी ने निदेशालय से अनुरोध किया है कि वे उपलब्ध नियमों और प्रावधानों पर व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करें और अपना अंतिम निर्णय साझा करें।

### तय समय सीमा में मांगी गई है रिपोर्ट

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से इस मामले में सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। सभी संबंधित विभागों से कहा गया है कि वे तय समय सीमा के भीतर अपनी संभाव्यता रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यदि किसी विभाग की ओर से समय पर रिपोर्ट नहीं आती है, तो उसे 'शून्य' माना जाएगा और इसके लिए संबंधित नोडल अधिकारी या विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस मामले को अत्यंत महत्वपूर्ण और जरूरी श्रेणी में रखा है।

### प्रातःकाल में लगेंगी योग कक्षाएं बाद में खिलाड़ी करेंगे उपयोग

प्राप्त विवरण के अनुसार इन 500 नई योगशालाओं को स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्थापित करने की मांग की गई है। योजना के मुताबिक इन योगशालाओं में सुबह 5 बजे से लेकर 7 बजे तक योग संस्थाओं द्वारा योग सत्र संचालित किए जाएंगे। इसके बाद स्कूल समय में और स्कूल के पश्चात इन परिसरों का उपयोग योग संस्थान, खेल नर्सरी और स्थानीय खिलाड़ियों द्वारा अपनी खेल गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा।

**खबर संक्षेप**

### जम्मू मंडल के मुकेरियां तलवारा रेलखंड पर रेलसेवाएं रहेगी प्रभावित

**रेवाड़ी** जम्मू मंडल के मुकेरिया-तलवारा रेलखंड पर तकनीकी कार्य किया जा रहा है। कार्य के कारण रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 19224 जम्मूतवी-साबरमती रेलसेवा 25 जून से 1 जुलाई तक जम्मूतवी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग गुरदासपुर-अमृतसर-ब्यास होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेल सेवा पठानकोट कैंट, मीरथल, मुकेरियां, दसुआ, टांडा उड़मुड़ एवं भोगपुर सिरवाल स्टेशनों पर ठहराव नहीं करेगी।

### स्काउट कैंप तारा देवी शिमला में संपन्न

**महेंद्रगढ़।** राजकीय उच्च विद्यालय देवास, नांगल सिरोही भगडाना के चार स्टाफ सदस्यों ने 18 से 24 जून तक आयोजित भारत स्काउट कैंप तारा देवी शिमला हिमाचल प्रदेश में सफलतापूर्वक भाग लिया। महेंद्रगढ़ जिले से देवेंद्र बैरावास, मास्टर कुलदीप, प्रवीण पाटोदिया एवं मास्टर राजेश शामिल रहे। कैंप दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न ट्रैकिंग, एडवेंचर गतिविधियों, प्रकृति अध्ययन, नेतृत्व विकास, टीम वर्क, अनुशासन एवं स्काउटिंग कौशल से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन गतिविधियों ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना को और अधिक मजबूत बनाया।

महिलाओं ने व्रत रखकर मंदिरों में जल से भरे मटके, हाथ के पंखे व फल चढ़ाए

# निर्जला एकादशी पर शहर में पूरे दिन चलता रहा धर्म-कर्म

**श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की वहीं सामर्थ्यनुसार जरूरतमंदों व बेसहारा लोगों को खाद्य सामग्री का दान दिया**



रेवाड़ी। अनाजमंडी में श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्य छबील पर सेवा देते हुए तथा सेक्टर-3 में राहगीरों को दूध का शरबत पिलाते युवा मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार को निर्जला एकादशी पर शहर में पूरे दिन धर्म-कर्म चलता रहा। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की, वहीं अपनी सामर्थ्यनुसार जरूरतमंदों व बेसहारा लोगों को खाद्य सामग्री का दान भी दिया। निर्जला एकादशी पर धर्मप्रेमियों व संगठनों ने शहर में जगह-जगह छबील लगाकर राहगीरों को दूध, शर्बत व मीठा पानी पिलाकर पुण्य कमाया। एकादशी पर मंदिरों में पूजा पाठ व हवन भी किया गया। समाजसेवियों ने भंडारा लगाकर हलवा व पूरी का प्रसाद भी वितरित किया। महिलाओं ने मंदिरों में जल से भरे मटके, हाथ के पंखे व फल चढ़ाएं।

### सोलहराही मंदिर पर लगाई छबील

शहर के सोलहराही स्थित पंचमुखी-दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर निर्जला एकादशी पर छबील लगाई गई। मंदिर में आने वाले श्रृद्धालुओं ने राहगीरों को शरबत पिलाया। पुण्य के कार्य में आसपास के लोगों ने पूरा सहयोग दिया। श्री श्याम दीवाना मंडल ट्रस्ट की ओर से श्याम संकीर्तन व भंडारे का आयोजन भी किया गया। श्याम मंदिर में भक्तों की काफी भीड़ रही। सोलहराही श्याम मंदिर में श्याम के समय संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक गायकों ने मनमोहक भजनों से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया।

### श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप ने ठंडाई पिलाई

नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर के बाहर निर्जला एकादशी पर श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों की ओर से छबील लगाकर लोगों को ठंडाई पिलाई गई। ग्रुप के सदस्यों ने श्याम बाबा की विशेष पूजा-अर्चना भी की। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि यह एक पुण्य का कार्य है, जिसे सभी लोगों को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्जला एकादशी हमें त्याग, भक्ति और मानवता की सेवा के मूल्य सिखाती है।


रेवाड़ी। सोलहराही श्याम मंदिर में पूजा करते हुए श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### कई जगह हलवा-छोले का प्रसाद भी बांटा

निर्जला एकादशी पर शहर में सामाजिक संगठनों में दर्जनों जगह छबील लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाया। कई जगह हलवा-छोले का प्रसाद भी बांटा गया। सेक्टर-3 राधा-स्वामी कॉलोनी के युवा मंडल की ओर से श्री कृष्णा मंदिर के पास दूध और शरबत की छबील लगाई गई। युवा मंडल की ओर से 2500 लीटर दूध का वितरण किया गया। इस पुण्य कार्य में मंडल से कार्यकर्ता अनिल सोनी, निर्मल आर्य, निक्कू रुस्तगी, अमित कुमार, डब्बू, प्रवेश, नितेश, एडवोकेट मनोज, सतीश प्रधान, शकुंतला प्रधान, मनोज कुमार, रुपेश, मनीष, माही, धानी, हरित व शिवानी ने सहयोग दिया।

## बायोडायवर्सिटी पार्क व अमृत सरोवर का शिलान्यास आज

■ कार्यक्रम में वन, पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह करेंगे शिकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले के गांव बूढ़पुर में अमृत योजना के तहत बनने वाले अमृत सरोवर व बायोडायवर्सिटी पार्क का शिलान्यास 26 जून को किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अमृत सरोवर का उद्देश्य स्थानीय जल संरक्षण को बढ़ावा देना, आसपास के पर्यावरण को बेहतर बनाना और लोगों को एक स्वच्छ एवं सुंदर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है। वहीं कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह गांव के मंदिर में बाबा धर्मदास महाराज की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे। शिलान्यास समारोह में हरियाणा के वन संरक्षक मुख्य प्रधान डा. केसी मीणा व भक्ति सेवा आश्रम दड़ौली के स्वामी सम्पानंद महाराज भी मौजूद रहेंगे। वन मंडल अधिकारी दीपक नंदा ने बताया कि यह इलाके के लिए लोगों के बहुत बड़ा काम होने जा रहा है। अमृत सरोवर के निर्माण से केवल सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि जल पुनर्भरण में भी बड़ा सुधार होगा। स्थानीय निवासियों के लिए यह स्थान मनोरंजन, स्वास्थ्य लाभ, सैर-सपाटे और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। गांव बूढ़पुर में बायोडायवर्सिटी पार्क विकसित होने से आस-पास के गांवों को भी लाभ मिलेगा। कैबिनेट मंत्री के निजी प्रवक्ता हरिन्द्र यादव ने बताया कि गांव बूढ़पुर पचांयत ने अहीरवाल के प्रथम विधायक व शिक्षाविद राव मोहर सिंह के नाम बायोडायबर्सिटी पार्क डवलपमेंट करने के लिए वन विभाग को 35 एकड़ जमीन का प्रस्ताव दिया था। पचांयत की मांग को स्वीकार करते हुए कैबिनेट मंत्री ने वन विभाग को मंजूरी दी थी।


रेवाड़ी। बायोडायवर्सिटी पार्क शिलान्यास की तैयारी में जुटे कर्मचारी।

### ग्रामीणों को नशा मुक्त रहने की दिलाई शपथ

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग को समाप्त करने व स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए 26 जून तक नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिले में नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वीरवार को गांव कोनसीवास में कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मनोवैज्ञानिक संदीपा अरोड़ा ने ग्रामीणों को नशा से स्वास्थ्य, आर्थिक और सामाजिक तौर पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच सुनील कुमार यादव, काउंसलर पूनम यादव, नर्स पूनम और दीपक मौजूद थे।

## सोशल मीडिया पर दिख रहे निवेश एवं नौकरी के ऑफरों से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिला वासियों को साइबर अपराधियों की ओर से ठगी के अपनाए जा रहे नए-नए तरीकों के से सतर्क रहने की अपील की है। वर्तमान में साइबर ठग आमजन को विभिन्न प्रकार के लालच, डर एवं फर्जी पहचान के माध्यम से अपने जाल में फंसाकर आर्थिक ठगी कर रहे हैं। साइबर अपराधी स्वयं को सीबीआई, पुलिस, ईडी, कस्टम अधिकारी या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करते हैं और किसी फर्जी केस में गिरफ्तारी का डर दिखाकर पैसे ऐंठते हैं। व्हाट्सएप, टेलीग्राम या सोशल मीडिया पर कम समय में अधिक मुनाफे का लालच देकर निवेश कराया जाता है और बाद में पूरी राशि हड़प ली जाती है। घर बैठे कमाई का झांसा देकर छोटे-छोटे टास्क पूरे कराए जाते हैं। शुरूआत में कुछ पैसे देकर विश्वास जीता जाता है, बाद में बड़ी रकम जमा कराकर ठगी की जाती है। फर्जी लिंक भेजकर बैंक खाते, आधार, पैन या केवाईसी अपडेट करने के नाम पर व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी चुराई जाती है। दोस्त, रिश्तेदार या परिचित के नाम से फर्जी मैसेज भेजकर पैसे मांगे जाते हैं।

### कोसली के ब्रह्माकुमारी सेंटर में जगदंबा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया

**कोसली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से संचालित कोसली ब्रह्माकुमारी सेंटर में संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका जगदंबा सरस्वती का 61वां स्मृति दिवस श्रद्धा, सम्मान एवं आध्यात्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला ने जगदंबा सरस्वती के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने तप, त्याग, सेवा एवं आध्यात्मिक शक्तियों के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि जगदंबा सरस्वती ने राजयोग के ज्ञान और अनुभव को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर सभी को राजयोग ध्यान का अभ्यास भी कराया गया तथा जगदंबा सरस्वती के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर कैप्टन राजेंद्र शर्मा, कैप्टन कवर सिंह, डा. सतपाल सिंह व ऑफिसर चंचल यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## हाथ से मैला ढोने वालों से मुक्त घोषित हुआ जिला रेवाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



जिला प्रशासन की ओर से वर्ष 2024-25 के दौरान हाथ से मैला ढोने वालों की पहचान के लिए कराए गए सर्वेक्षण में जिले में ऐसा कोई भी मामला सामने नहीं आने पर रेवाड़ी को हाथ से मैला ढोने वालों से मुक्त घोषित किया गया है। एडीसी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राहुल मोदी ने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान जिले में किसी भी व्यक्ति के हाथ से मैला ढोने का कार्य करने की पुष्टि नहीं हुई। इसी आधार पर जिले को मैनुअल स्कैवेंजर्स (हाथ से मैला ढोने वालों) से मुक्त घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि इसके बावजूद कोई व्यक्ति हाथ से मैला ढोने का कार्य कर रहा है, तो वह 3 जुलाई तक किसी भी कार्य दिवस में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण शाखा जिला परिषद के कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों सहित घोषणा-पत्र जमाकर अपना पंजीकरण करा सकता है।

एडीसी मोदी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य इस अमानवीय प्रथा का पूर्ण उन्मूलन करना तथा प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास और कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाना है।

### युवाओं को नशे से दूरी बनाकर पढ़ाई व खेलों में ध्यान लगाने का आह्वान

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्ति और समाजिक जागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। वीरवार को नशा मुक्ति टीम ने गांव माजरी दुधा व कसोला का दौरा कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों व ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर टीम के इंचार्ज इंस्पेक्टर रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूरी बनाकर पढ़ाई व खेलों में ध्यान लगाना चाहिए।

पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में आप सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।



### विवेक आर्य ने सीएम आवास पर योगा कराकर क्षेत्र को किया गौरवान्वित



**रेवाड़ी।** जिले के गांव जाट सायरवास निवासी युवा योग साधक एवं हरियाणा पुलिस में कार्यरत विवेक आर्य ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराकर क्षेत्र एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। विवेक आर्य ने प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। आर्य की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी है। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी दयाराम आर्य, जिला महिला प्रभारी सरोज आर्या व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी मुकेश कुमार सहित समस्त पतंजलि परिवार ने विवेक आर्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्वास्थ्य मंत्री आवास के घेराव को लेकर एमपीएचई एसोसिएशन का जनसंपर्क तेज, बैठकों का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन ने 5 जुलाई को मांगों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री के रामपुरा आवास के घेराव व रोष प्रदर्शन को लेकर जनसम्पर्क तेज कर दिया है। जिला एमपीएचई एसोसिएशन की ओर से प्रदर्शन को लेकर सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बैठकों का दौर जारी है। वीरवार को एसोसिएशन की ओर से सीएचसी नाहड़ व पीएचसी गुडियानी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिला प्रधान दिनेश यादव ने की और मंच संचालन ब्लॉक नाहड़ प्रधान नवदीप ने किया। इस मौके पर एसोसिएशन ने फैसला लिया कि आगामी 5 जुलाई को जिला व ब्लॉकों से सभी बहुद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी रोष प्रदर्शन में शत प्रतिशत भागीदारी करेंगे। इस मौके पर प्रधान दिनेश यादव ने कहा कि राज्य कार्यकारिणी की ओर से बार।बार प्रयास करने के बाद भी हरियाणा सरकार बहुद्देशीय कर्मचारियों की जायज मांगों को अनदेखा कर रही है। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। यूएचसी एवं पॉलीक्लिनिक के अंतर्गत नियुक्त बहुद्देशीय वर्ग के कर्मचारियों के लिए उच्च न्यायालय के फैसले को लागू करें एवं संविधान की अनुमोदना अनुसार पक्का किया जाए। पक्के होने तक सर्वोच्च न्यायालय की अनुशंसा अनुसार समान काम समान वेतन लागू कर कर नियमित कर्मचारियों की तर्ज पर वेतन भत्तों का भुगतान किया जाए।


रेवाड़ी। नाहड़ सीएचसी में कर्मचारियों को संबोधित करते प्रधान। फोटो : हरिभूमि

### डीएसपी ने शिकायत निवारण शिविर में सुनीं आमजन की समस्याएं

**रेवाड़ी।** आमजन को त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से थाना स्तर पर शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वीरवार को थाना सदर में डीएसपी पवन कुमार की अध्यक्षता में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें एवं लंबित मामलों से संबंधित समस्याएं रखीं। डीएसपी पवन कुमार ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए थाना प्रभारी व संबंधित जांच अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मामलों का मौके पर ही समाधान कराया।
इसके अलावा जिन मामलों में विस्तृत जांच अपेक्षित थी, उनमें समयबद्ध एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शिविर में विशेष रूप से भूमि विवाद, एक्सीडेंट, पारिवारिक विवाद, लंबित आपराधिक मामलों, पुलिस जांच की प्रगति तथा अन्य जन शिकायतों की सुनवाई की गई।



### रेवाड़ी विधानसभा में तेज गति से चल रहा एसआईआर अभियान



**धारूहेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। एसआईआर अभियान के तहत रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सत्यापन एवं गणना प्रपत्र वितरण का कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सुरेश कुमार अभियान की नियमित निगरानी कर रहे हैं। फील्ड में जाकर बूथ लेवल अधिकारियों की कार्यप्रणाली का जायजा ले रहे हैं। अभियान के तहत अब तक विधानसभा क्षेत्र के करीब 92 प्रतिशत मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुंचाए जा चुके हैं। एसडीएम सुरेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान मतदाताओं की शंकाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए लघु सचिवालय में विशेष कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। धारूहेड़ा रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा कस्बा है। बीएलओ घर-घर जाकर भरे हुए फार्म ले रहे हैं।

बादलों के बीच कई इलाकों में गिरी बौछारें, आज भी हल्की बारिश की संभावना

# बार-बार बदल रहा मौसम का मिजाज, गर्मी से राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। कभी आसमान में बादल छाते हैं, तो कभी तेज धूप वातावरण में उमस पैदा करती है। अच्छी बारिश के अभाव में उमस भरी गर्मी लोगों का जमकर पसीना निकाल रही है। शुक्रवार को भी मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। आसमान में बादल छाने और तेज हवाओं या आंधी के साथ बारिश हो सकती है। बीते बुधवार की शाम कई इलाकों में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश होने के बाद मौसम साफ हो गया था। वीरवार को सुबह के समय आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने के बाद गर्मी का असर बढ़ गया। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री बढ़कर 38.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 1.6 डिग्री की गिरावट के साथ 25.0 डिग्री सेल्सिस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 40 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार 16 किलोमीटर प्रति घंटा के आसपास रही। दोपहर बाद तक उमस भरी गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही। हवा में नमी बढ़ने के कारण उमस जमकर परेशान कर रही है। बारिश होने के बाद कुछ समय के लिए राहत मिल जाती है।


रेवाड़ी। एक खेत में खड़ी बाजरे की अगेती फसल। फोटो : हरिभूमि

### आंधी से चरमराई बिजली व्यवस्था

बुधवार की शाम डहीना क्षेत्र में आंधी ने बिजली निगम का भारी नुकसान किया है। बुड़ौली सब स्टेशन के अधीन कई गांवों में बिजली के 250 से अधिक पोल टूट गए, जिससे कई गांवों की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। रात को लगभग 2 दर्जन फीडर बंद हो गए। बाद में घरेलू बिजली आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर बहाल करने के प्रयास शुरू किए गए। पोल खड़े करने का कार्य दिन भर चलता रहा।

### किसानों ने शुरू की बाजरा बिजाई

जिन इलाकों में अच्छी बरसात हुई है, वहां किसानों ने बाजरे की बिजाई शुरू कर दी है। कई किसान जून के शुरू में ही बाजरे की बिजाई कर चुके हैं। बार-बार होने वाली बूंदाबांदी या हल्की बारिश बाजरे की फसल के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। खेतों में बारिश के बाद हरियाली नजर आने लगी है। जिन इलाकों में अच्छी बारिश नहीं हुई है, वहां किसान बिजाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

## गवर्नमेंट स्कूल संगवाड़ी में रंगमंच व आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला जुलाई में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा सरकार के संस्कृति विभाग के अंतर्गत कार्यरत हरियाणा कला परिषद की ओर से 1 जुलाई से 20 जुलाई तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी में रंगमंच एवं आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डा. ज्योत्सना यादव ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कला परिषद प्रदेश के विद्यार्थियों को कला एवं संस्कृति से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही है। रंगमंच कार्यशाला के प्रशिक्षक के रूप में रंगकर्मी, निर्देशक एवं नाट्य प्रशिक्षक डा. ऋषिपाल विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देंगे। उनके सहयोगी के रूप में अभिषेक कुमार भी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का संचालन प्रशिक्षक पूजा वालिया की ओर से किया जाएगा। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को विभिन्न कलात्मक एवं हस्तशिल्प गतिविधियों के माध्यम से अपनी सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय परिवार ने हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी का विशेष आभार व्यक्त किया है।

